इस वर्ष 13 करोड़ में से 3.81 करोड़ संपत्तिकर और 10 करोड़ में से 2.48 करोड़ ही मिल पाया

**चुनौती** • इस वर्ष 13 करोड़ में से 3.81 करोड़ संपत्तिकर

# 46 दिन में 20 शिविर लगाए, 47 लाख कर मिला, 9.5 करोड़ संपत्तिकर व 7.5 करोड़ जलकर बकाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11-12-2020

कोरोना काल में आय के प्रमुख स्त्रोत संपत्तिकर और जलकर की वसूली में निगम पिछड़ रहा है। निगम 46 दिन में 20 स्थानों पर शिविर लगा चुका है। 47 लाख रुपए का कर ही आ पाया है। इसमें 3705253 संपत्तिकर और 1013125 जलकर के हैं। इस बार निगम को लगभग 13 करोड़ रुपए संपत्तिकर और 10 करोड़ जलकर वसूलना है। ऐसे में अब निगम के सामने 31 मार्च तक के साढ़े तीन माह में लगभग 9.5 करोड़ संपत्तिकर और करीब 7.5 करोड़ जलकर वसूलने की चुनौती है।

## अब तक के शिविर और कर की वसूली

| स्थान | संपत्तिकर | जलकर |
|---|---|---|
| गांधीनगर | 238224 | 43460 |
| मालवा नगर | 366429 | 43830 |
| जवाहर नगर | 269336 | 41850 |
| विनोबा नगर | 394652 | 106050 |
| अलकापुरी | 454616 | 84000 |
| तिरुपति नगर | 55700 | 14800 |
| कोमल नगर | 65133 | 18430 |
| इंद्रलोक नगर | 104310 | 37520 |
| कस्तूरबा नगर | 163070 | 41200 |
| प्रियदर्शनी नगर | 54244 | 31700 |

| स्थान | संपत्तिकर | जलकर |
|---|---|---|
| डोंगरे नगर | 187800 | 13500 |
| हाट रोड | 89439 | 29500 |
| काटजू नगर | 223843 | 80000 |
| वेदव्यास कॉलोनी | 78232 | 24800 |
| दीनदयाल नगर | 95424 | 46350 |
| बोहरा बाखल | 261000 | 45500 |
| लक्कड़पीठा | 258000 | 90310 |
| धानमंडी | 239000 | 158845 |
| आनंद कॉलोनी | 94633 | 24500 |
| प्रताप नगर | 55093 | 43980 |

**आज प्रताप नगर में शिविर-** वार्ड 28 के लिए 11 दिसंबर को प्रतापनगर बगीचे के पास, वार्ड 13 के लिए 14 दिसंबर को महावीर नगर में शिविर लगाया जाएगा।

## इतनी छूट मिल रही

**संपत्तिकर** - 50,000 रुपए तक बकाया पर पेनल्टी में 100%, एक लाख तक बकाया पर 50%

**जलकर** - अधिभार राशि 10000 तक बकाया पर 100%, 10 हजार से ज्यादा 50 हजार तक बकाया पर 75%, अधिक पर 50% छूट

**भूभाटक, किराया** - अधिभार सहित कुल 20000 रुपए बकाया होने पर 100 प्रतिशत, 50 हजार रुपए तक पर 50 प्रतिशत।

दै. भास्कर

11-12-2020


## सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापन व पार्किंग के लिए स्थल निरीक्षण

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचंद्र डाड के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़क किनारे सब्जी व फल का विक्रय करने वालो के व्यवस्थापन तथा शहर की यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए पार्किंग लॉट हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व अनुविभागीय दण्डाधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। [illegible] 11-12-20

[illegible] 11-12-20

## सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापन व पार्किंग लॉट हेतु स्थलों का निरीक्षण

इन्दौर समाचार 11-12-20



रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न स्थानो पर सड़क किनारे सब्जी व फल का विक्रय करने वालो के व्यवस्थापन तथा शहर की यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पार्किंग लॉट हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व अनुविभागीय दण्डाधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।शहर के विभिन्न स्थानों पर फुटकर सब्जी विक्रेता जो कि सड़क किनारे सब्जी व फल का विक्रय करते हैं ऐसे में सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने से यातायात तो प्रभावित तो होता ही साथ ही गंदगी भी होती है। ऐसे सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापन व पार्किंग लॉट हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया व अनुविभागीय दण्डाधिकारी रतलाम शहर श्री गेहलोत ने त्रिवेणी मुक्तिधाम के पास सी.सी. रोड, मानस भवन के पीछे रिक्त भूमि, 80 फीट रोड रत्नपुरी कालोनी के पीछे ग्रीन बेल्ट की भूमि व सैलाना ओवर ब्रीज के नीचे राम मंदिर की ओर वाले हिस्से का अवलोकन किया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री विकास मरकाम आदि उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार


11-12-2020

(15)

# 49 दिनों में 73 वॉल्व व 375 पाइप लीकेज की मरम्मत

नई दुनिया 11-12-20

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 49 दिनों में 73 वॉल्व व 375 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। गुरुवार को कल्याण नगर, कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग, शक्ति नगर में कुल सात पाइप लाइन लीकेज ठीक करने के साथ सज्जनवाल नगर गोशाला के पास, विरियाखेड़ी के सार्वजनिक शौचालय/माड्यूलर टायलेट/मूत्रालय की पाइप फिटिंग करवाई गई। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।



भास्कर 11-12-20

# बिजली व पानी की बचत के लिए टाइमर स्टार्टर लगाएं

रतलाम | सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इक्का बैलूत ने ट्यूबवेल पर टाइमर स्टार्टर लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया पूर्व में नगर निगम द्वारा ट्यूबवेल पर टाइमर स्टार्टर लगाने की प्लानिंग थी। इसके बाद कुछ दिनों तक इस पर बात हुई लेकिन अब तक स्टार्टर नहीं लग पाए हैं। उन्होंने बताया कि शहर में 650 से ज्यादा ट्यूबवेल हैं। यदि इन पर टाइमर लगते हैं तो ट्यूबवेल एक समय पर चलेंगे। ऐसे में पानी की बर्बादी तो कम होगी, साथ ही बिजली की बचत भी होगी। इससे नगर निगम का ट्यूबवेल पर खर्च होने वाला बिजली बिल 25 फीसदी तक कम हो जाएगा। अभी ट्यूबवेल का ही बिजली का बिल 15 लाख रुपए से ज्यादा का आता है। नगर निगम को इस पर लगाने का विचार करना चाहिए।

दै. भास्कर
11-12-2020

नई दुनिया
11-12-2020

# सीसीटीवी फुटेज आधार पर राममंदिर क्षेत्र की महिला हेमलता पर जुर्माना

## गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना, जुर्माने के रूप में 8 हजार की राशि वसूली



रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर राम मंदिर क्षेत्र की हेमलता पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व अतिक्रमण करने पर कसारा मांगलिक भवन कसारा बाजार पर 2000, लोकेन्द्रनाथ धर्मशाला हरमाला रोड पर 1000, दलाल मार्केटिंग, नासिर भाई मारवाड़ी लौहार रोड, शांति विजय रेस्टोरेंट डाट की पुल, एम.पी. 43 कलेक्शन, ई शॉपी पोरवाल इलेक्ट्रीकल जवाहर नगर पर 500-500, कैलाश-हुकमचन्द, भुलीबाई, केसरबाई, रेखा, रानी, चम्पाबाई व सुशील जैन डाट की पुल पर 250-250 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

इन्दौर समाचार
11-12-2020

# नियमित पेयजल के लिए 49 दिनों में 80 वॉल्व व 380 लीकेज का कार्य पूर्ण

**पत्रिका**
**नियमित मिले पानी**

**लगातार**



**पत्रिका**

पत्रिका में प्रकाशित

## शहर के साथ साथ धोलावाड़ से मोरवानी लीकेज सुधार शुरू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 11-12-2020



**रतलाम.** शहर में प्रतिदिन पेयजल देने की योजना अंतर्गत नगर निगम की तैयारी अब तेज हो गई है। धोलावाड़ से मोरवानी तक के लीकेज रोकने के लिए मैदानी अमले ने गुरुवार को सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक तेजी से कार्य किया व करीब 15 से अधिक बड़े लीकेज सुधारे। इनमे कई लीकेज इस प्रकार के थे जो करीब पांच साल से कायम थे, लेकिन उनकी सुध अब तक किसी ने नही ली थी। इसके अलावा शहर में भी लीकेज सुधार का कार्य जारी है।

शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप के संकल्प के बाद नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा शुरू किया गया। इसमे रतलाम जलशक्ति अभियान व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को धावरिया बाजार टंकी, हाकमवाड़ा, राठौर समाज की धर्मशाला के सामने, जावरा रोड काम्पलेक्स के सामने, आनन्द कालोनी रोकड़िया हनुमान मंदिर के सामने, लक्कड़पीठा दम्मानी भवन के सामने, विनोबा नगर, शक्ति नगर, गणेश नगर में पाइप लाइन लीकेज दुरस्त किये गए।

## निगम द्वारा लीकेज सुधार कार्य जारी

धोलावाड़ से मोरवानी सहित शहर में अन्य स्थान पर लीकेज व वॉल्व सुधार का कार्य किया गया। अब तक 80 वॉल्व व 380 लीकेज सुधार कार्य किए जा चुके है। नगर निगम के अनुसार सब कुछ बेहतर रहा तो इसी सप्ताह के अंत तक प्रतिदिन पेयजल देने के कार्य की शुरुआत के पूर्व परीक्षण शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए तैयारी जारी है।

> शहर को प्रतिदिन पेयजल देने की योजना अंतर्गत जल्दी ही परीक्षण कार्य शुरू किया जाएगा। यह प्रयास रहेगा कि इसी सप्ताह प्रतिदिन पेयजल किसी भी एक या दो टंकी से शुरू हो जाए। **- एसपी आचार्य,** प्रभारी इंजीनियर, जल वितरण विभाग, नगर निगम

4/विभाग

11-12-2020

**सुविधाएं बढ़ाई** • श्री कालिका माता क्षेत्र उद्यान में भी सौंदर्यीकरण का काम अंतिम दौर में

# अमृत सागर तालाब उद्यान में झूले-चकरी के साथ हर उम्र वालों के लिए लगे संसाधन

- कालिका माता मंदिर उद्यान में लगे झूले
- बड़ों के लिए ओपन जिम की शुरुआत की

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वच्छ रतलाम, सुंदर रतलाम अभियान के तहत शहर के सभी बगीचों को संवारा जा रहा है। बगीचों में बच्चों से लेकर हर उम्र के लोगों के लिए साधन लगाए जा रहे हैं। इसी के तहत श्री कालिका माता मंदिर क्षेत्र और अमृत सागर तालाब उद्यान में नए झूले, फिसलन पट्टी सहित अन्य खेलकूद के सामान लगना शुरू हो गए हैं। बच्चों के लिए सबसे ज्यादा खेलकूद के सामान श्री कालिका माता क्षेत्र उद्यान में लग रहे हैं। साथ ही बड़ों के लिए ओपन जिम के साधन तथा वृद्धों के लिए बैठने के लिए प्लास्टिक की बैंचें लग चुकी हैं।

शहर के उद्यानों को सुंदरता के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन, बड़ों के लिए एक्सरसाइज करने तथा वृद्धों के लिए आरामदायक बैंचें नगर निगम द्वारा लगवाई जा रही है। मुंबई की एक कंपनी से इन उपकरणों को मंगवाया गया है। श्री कालिका माता में यह उपकरण लग रहे हैं वहीं अमृत सागर तालाब के उद्यान में काम अंतिम दौर में है। मुंबई से आए पिंटू सिंह ने बताया कि श्री कालिका माता क्षेत्र उद्यान में ज्यादा उपकरण लगना है इसलिए वहां और समय लगेगा, जबकि अमृत सागर तालाब उद्यान में उपकरण कम होने के कारण दो-तीन दिन में यहां का काम खत्म हो जाएगा। श्री कालिका माता क्षेत्र उद्यान में ओपन जीम का साधन ज्यादा है जबकि अमृत सागर तालाब उद्यान में एक ही है।



श्री कालिका माता मंदिर क्षेत्र उद्यान में फिसलन पट्टी का आनंद लेते हुए बच्चे।

## बगीचे में यह लगेंगे साधन

| उपकरण का नाम | श्री कालिका माता क्षेत्र उद्यान | अमृत सागर तालाब उद्यान |
|---|---|---|
| बैंच | 6 | 8 |
| फिसलन पट्टी | 2 | 1 |
| झूला | 2 | 2 |
| सिसो | 3 | 3 |
| गोल चक्करी | 1 | 1 |
| डस्टबिन | 12 | 9 |

## बगीचों को उपयोगी बनाया जाएगा

स्वच्छ रतलाम, सुंदर रतलाम अभियान के तहत शहर के सभी बगीचों को सभी के लिए उपयोगी बनाया जाएगा। बगीचों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी शहरवासियों की है। जिन बगीचों में डस्टबिन लगाए गए हैं उनमें कूड़ा-कचरा डालकर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

**सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

दै० भास्कर
11-12-2020

# खुले में शौच करने वालों पर अब होगी पुलिस कार्यवाही, निगम ने पुलिस थाने को पत्र भेजा



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 11-12-2021

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा गठित दल द्वारा खुले में शौच व पेशाब करने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है जिसके तहत प्रातः हनुमान ताल के निरीक्षण के दौरान 2 व्यक्ति खुले में शौच करते पाये जाने पर उन्हे औद्योगिक क्षेत्र थाने में वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

नगर निगम के गठित दल द्वारा प्रातः हनुमान ताल के निरीक्षण के दौरान सतीश शर्मा ठेकेदार निवासी डी.सी. 169 अलकापुरी के 2 कर्मचारी भुरा-राणासिंह कर्मचारी निवासी नेपाल व प्रभु-गौतम निवासी पीपलीपाड़ा खुले में शौच करते पाये गये जबकि हनुमान ताल के पास नगर निगम का सार्वजनिक शौचालय है जिसका उपयोग आसपास के रहवासी करते है। सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध होने पर भी उक्त व्यक्तियों द्वारा खुले में शौच करने पर संबंधितो को औद्योगित थाने में प्रस्तुत कर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

राज एक्सप्रेस

11-12-2021

## राममंदिर, 80 फीट रोड सहित पहुंचे त्रिवेणी मुक्तिधाम

# एसडीएम व आयुक्त उतरे सड़क पर

### सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापन व पार्किंग लॉट हेतु स्थलों का निरीक्षण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 11-12-2020



रतलाम. शहर की सड़कों को चौड़ा करने, वाहन आसानी से चले व जो सब्जी विक्रेता सड़क पर बैठकर कारोबार कर रहे है उनको अन्य स्थान उपलब्ध कराने की योजना अंतर्गत शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत व नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर के विभिन्न स्थान पर जाकर शहर की नब्ज को टटोलने का कार्य किया। इस दौरान करीब 3.5 किमी मार्ग पर दोनों अधिकारियों ने निरीक्षण करके क्या बेहतर हो सकता है इसकी योजना पर काम शुरू किया है। मानस भवन व त्रिवेणी रोड से शुरू हुआ अभियान 80 फीट रोड पर समाप्त हुआ।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड के निर्देश पर शहर की विभिन्न सड़क किनारे सब्जी व फल विक्रेय करने वालों के बेहतर व्यवस्थापन, शहर क यातायात व्यवस्था को और बेहतर करना, पार्किंग लॉट के लिए एसडीएम गेहलोत व आयुक्त झारिया ने कलेक्टर डाड के कहने पर शहर के विभिन्न स्थान का निरीक्षण किया। असल में शहर के विभिन्न स्थानों पर फुटकर रुप से सड़क किनारे फल व सब्जी का जो विक्रय करते है, इससे अतिक्रमण बढ़ रहा है। सड़क के किनारे बैठने वाले कुछ समय बाद अधिक स्थान घेरतेंहै। इससे अतिक्रमण के साथ साथ गंदगी बढ़ती है। इसलिए अब इस प्रकार के कारोबार करने वालों को नया स्थान उपलब्ध कराने या पार्किंग लॉट उपलब्ध कराने के लिए ही दोनों अधिकारी संयुक्त रुप से साथ में विभिन्न स्थान पर गए।

### यहां गए दोनों अधिकारी

निगम आयुक्त झारिया व अनुविभागीय दण्डाधिकारी शहर गेहलोत ने त्रिवेणी मुक्तिधाम के पास सी.सी. रोड, मानस भवन के पीछे रिक्त भूमि, 80 फीट रोड रत्नपुरी कालोनी के पीछे ग्रीन बेल्ट की भूमि व सैलाना ओवर ब्रीज के नीचे राम मंदिर की ओर वाले हिस्से का अवलोकन किया। इस दौरान हनुमान ताल के सौंदर्यीकरण के लिए बन रही योजना को भी देखा गया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री विकास मरकाम आदि उपस्थित थे।

पत्रिका 11-12-2020

### दिनभर उड़ती है धूल, मकानों में कंपन



रतलाम के फ्रीगंज रोड की सड़क पर उभरे गड्ढे। • नईदुनिया 11-12-20

रतलाम। सीवरेज एजेंसी द्वारा सड़कों तथा गलियों की खुदाई करके जस का तस छोड़ दिया गया है। परिणाम स्वरूप जर्जर सड़कों तथा गलियों में उड़ रही धूल से आम नागरिक परेशान हैं। सड़क के बीच में भी बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। रेलवे माल गोदाम के लिए फ्रीगंज रोड होकर दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही होती है। सब्जी मंडी से आने जाने वाले वाहन यहां से ही निकलते हैं। खराब सड़क के कारण वाहन निकलते समय आसपास के मकानों में कंपन होने लगता है। वाहनों की आवाजाही से होने वाले शोर के कारण नींद लेना मुश्किल है। क्षेत्रीय रहवासी दिलीप मित्तल ने बताया कि नगर निगम ने बारिश के बाद सड़क निर्माण व मरम्मत का आश्वासन दिया था। अभी तक निर्माण नहीं हुआ। दिनभर धूल उड़ने के कारण इस मार्ग के व्यवसायी, रहवासी सभी परेशान हैं। दिलीप मित्तल ने शहर विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड तथा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से समस्या निराकरण की मांग की है। मामले में निगम के कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल ने बताया कि मरम्मत के लिए टेंडर हो चुके हैं। दो से तीन दिन में काम प्रारंभ हो जाएगा।

नई दुनिया 11-12-2020

# कालिका माता परिसर के उद्यान में लगे नए झूले-चकरी



पत्रिका 11-12-2020

**रतलाम.** कालिका माता परिसर में नगर निगम के द्वारा बच्चों के लिए नए झूले, चकरी और फिसल पट्टी सहित अन्य खेल सामग्री लगाने के बाद अब यहां आने वाले बच्चों की संख्या और बढ़ गई है। यहां पर सुबह-शाम बच्चों को लेकर उनके परिजन पहुंच रहे है और बच्चे भी इस खेल सामग्री को देख चहक रहे हैं। दरअसल कई वर्षों पूर्व परिसर में इस तरह की खेल सामग्री लगी थी जो कि क्षतिग्रस्त होने के बाद हटा दी गई थी। उसके बाद से लंबे समय से लोग भी बच्चों के लिए इनकी मांग कर रहे थे जो कि नगर निगम ने अब जाकर पूरी कर दी है।

पत्रिका 11-12-2020

# सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापन व पार्किंग लॉट के लिए स्थलों का निरीक्षण किया

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

11-12-2020

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़क किनारे सब्जी व फल का विक्रय करने वालो के व्यवस्थापन तथा शहर की यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पार्किंग लॉट हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व अनुविभागीय दण्डाधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।



शहर के विभिन्न स्थानों पर फुटकर सब्जी विक्रेता जो कि सड़क किनारे सब्जी व फल का विक्रय करते है ऐसे में सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने से यातायात तो प्रभावित तो होता ही साथ ही गंदगी भी होती है। ऐसे सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापन व पार्किंग लॉट हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया व अनुविभागीय दण्डाधिकारी रतलाम शहर श्री गेहलोत ने त्रिवेणी मुक्तिधाम के पास सी.सी.रोड, मानस भवन के पीछे रिक्त भूमि, 80 फीट रोड रत्नपुरी कालोनी के पीछे ग्रीन बेल्ट की भूमि व सैलाना ओवर ब्रीज के नीचे राम मंदिर की ओर वाले हिस्से का अवलोकन किया।

राज एक्सप्रेस 11-12-2020

निगम लगा रहा शिविर

# प्रताप नगर में आज से लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 11-12-2021

रतलाम. शासन के निर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) वैश्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्रायः रोजगार में कमी, उद्योग-धन्धे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 दिसम्बर तक छूट दी जा रही है। जो 30 दिसम्बर तक चलेंगे। शुक्रवार को प्रतापनगर में कर वसूली शिविर का आयोजन होगा। नागरिकों ने गुरुवार तक 3705253 रुपए व संपत्तिकर व 1013125 रुपए जलकर जमा कराया है।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरों के अनुसार वार्ड क्रमांक 28 में11 दिसम्बर को प्रताप नगर उद्यान के पास, वार्ड क्रमांक 13 में 14 दिसम्बर को महावीर नगर, वार्ड क्रमांक 39, 40 व 41 में15 से 16 दिसम्बर तक पैलेस रोड चौराहा, वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 में17 दिसम्बर को चौगारिया भेरू, वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 में 18 दिसम्बर को शिक्षा विभाग सायर चबूतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 में 21 से 22 दिसम्बर को चौमुखी पुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 में 23 से 24 दिसम्बर को शास्त्री नगर सेन्ट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 में 26 व 28 दिसम्बर को दो बत्ती चौराहा व वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 29 से 30 दिसम्बर को स्टेशन रोड दिल बहार चौराहा पर कार्यालयीन समय में आयोजित किये गये हैं।

## इतनी मिल रही है छूट

नगर निगम प्रशासक गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि संपत्तिकर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, संपत्तिकर तथा अधिभार की राशि रुपये 50 हजार रुपए से अधिक तथा एक लाख रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट व संपत्तिकर तथा अधिभार की राशि रुपये एक लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

पत्रिका 11-12-2020

(7)

## नालो की सफाई निरंतर जारी



रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा 9 दिसम्बर बुधवार को गोमदड़े की पुलिया वाला नाला, मोती नगर का नाला व शैरानीपुरा तलैया वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाई गई।

[illegible] 11-12-2020

दै. भास्कर 11-12-2020

# नाले के पक्के करने का काम शुरू, खुदाई शुरू की

रतलाम | निगम की फटकार लगने के बाद कुछ दिनों से बंद पड़ा नालों को पक्का बनाने का काम फिर शुरू हो गया है। तीन दिन से ठेकेदार कंपनी पॉवर हाउस रोड स्थित माहेश्वरी कॉम्प्लेक्स के पीछे से गुजर रहे नाले की दोनों तरफ की दीवार बनाने के लिए खुदाई कर रही है। यह शहर का सबसे बड़ा नाला है, जो नयागांव से शुरू होकर ढोलावाला गणेश मंदिर तक जाता है। सात माह बाद बंद रहने के बाद ठेकेदार कंपनी ने नवंबर में ही काम शुरू किया था।

**तीन नाले बनना है पक्के** - 11 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में शहर के तीन नाले पक्का बनना है। 2018 में ठेकेदार कंपनी ने दो नालों का काम शुरू किया था। इसमें बड़े नाले के साथ सुभाषनगर से अमृत सागर तालाब तक वाले नाला आधा ही पक्का बन पाया है। आबकारी चौराहे से मराठों का वास तक जा रहे तीसरे नाले का काम अब तक शुरू ही नहीं हो पाया है। ठेकेदार 5 करोड़ रुपए से ज्यादा वसूल चुका है।



दै. भास्कर

11-12-2020



# नगर के तीन नालों की सफाई निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा 09 दिसम्बर बुधवार को गोमदड़े की पुलिया वाला नाला, मोती नगर का नाला व शैरानीपुरा तलैया वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाई जाकर निकलने गाद को निकाला जा रहा है।

11-12-2020



# नगर निगम के सामने खड़े मवेशी जिम्मेदारों को चिढ़ा रहे मुंह

रतलाम। शहर में कलेक्टर के निर्देश के बाद रोजाना मवेशियों को पकड़कर गौशाला भिजवाया जा रहा है, लेकिन इन मवेशियों की संख्या कम नहीं हो रही है। जिस नगर निगम कार्यालय से इन मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई की जाती है। उस कार्यालय के बाहर ही आवारा मवेशी घुम रहे है और नगर निगम के जिम्मेदारों को मुह चिढ़ा रहे है। लाख कोशिशों के बावजूद इस तरह निगम कार्यालय के बाहर विचरण कर रहे इन मवेशियों को देखकर लगता है कि नगर निगम सिर्फ खानापूर्ति और फोटो सेशन करवा रहा है। शहर में मवेशियों की समस्या बरकरार है। शहर के मुख्य मार्गों पर अभी भी मवेशी नजर आ रहे है। इससे आवागमन बाधित होने के साथ ही हादसे की आशंका बनी रहती है। शहर के कई स्थानों पर रोड पर मवेशी घूमते व बैठे रहते है। इनके चलते आवागमन में दिक्कत होती है। वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। इसके अलावा गलियों में मवेशियों के घूमने से बच्चों के साथ हादसे का डर रहता है।

11-12-2020

# हाइड्रोलिक केटल कैचर से पकड़े 12 मवेशी

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 376 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है।

नगर निगम द्वारा नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर क्रय किया गया। इससे 12 मवेशियों को नगर के प्रमुख स्थानों से पकड़कर गोशालाओं में भेजा गया। नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर से मवेशियों को पकड़ने में सुविधा होने के साथ समय भी कम लगता है व मवेशी भी आसानी से वाहन में चढ़ जाते हैं तथा उन्हें किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होता है। गुरुवार को आनंद कॉलोनी, काटजू नगर, मोहन नगर, राम मंदिर, कॉलेज रोड, मोचीपुरा, शेरानीपुरा आदि क्षेत्रों से 12 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत छाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

नई दुनिया
11-12-2020

# नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर से पकड़े 12 मवेशी

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं मे भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 9 दिसम्बर तक 364 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। नगर निगम द्वारा नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर क्रय किया गया जिससे 12 मवेशियों को नगर के प्रमुख स्थानों से पकड़कर गौशाओं में भेजा गया। नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर से मवेशियों को पकड़ने में सुविधा होने के साथ समय भी कम लगता है व मवेशी भी आसानी से वाहन में चढ़ जाते है तथा उन्हे किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होता है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 09 दिसम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 364 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 09 दिसम्बर बुधवार को अलकापुरी, डोंगरे नगर, मुखर्जी नगर, बाजना बस स्टैण्ड, धीरजशाह नगर, दो बत्ती, अलकापुरी आदि स्थानों 12 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

इन्दौर समाचार
11-12-2020

# खुले में शौच करने पर 2 व्यक्तियों पर होगी वैधानिक कार्यवाही नगर निगम ने थाना प्रभारी को दिया पत्र

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा गठित दल द्वारा खुले में शौच व पेशाब करने वालों पर सतत निगरानी रखी जा रही है जिसके तहत प्रातः हनुमान ताल के निरीक्षण के दौरान 2 व्यक्ति खुले में शौच करते पाये जाने पर उन्हें औद्योगिक क्षेत्र थाने में वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। नगर निगम के गठित दल द्वारा प्रातः हनुमान ताल के निरीक्षण के दौरान सतीश शर्मा ठेकेदार निवासी डी.सी. 169 अलकापुरी के 2 कर्मचारी भुरा-राणासिंह कर्मचारी निवासी नेपाल व प्रभु-गौतम निवासी पीपलीपाड़ा खुले में शौच करते पाये गये जबकि हनुमान ताल के पास नगर निगम का सार्वजनिक शौचालय है जिसका उपयोग आसपास के रहवासी करते है। सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध होने पर भी उक्त व्यक्तियों द्वारा खुले में शौच करने पर संबंधितों को औद्योगिक थाने में प्रस्तुत कर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

इन्दौर समाचार

11-12-2020

# गंदगी व मलबा फैलाने अतिक्रमण करने पर पांच व्यक्तियों पर जुर्माना

नई दुनिया 11-12-20

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व अतिक्रमण करने पर राजेश सांकला, लोकेंद्र सज्जन मिल रोड, गगन दासवानी काटजू नगर पर 1000-1000, टीकमदास दासवानी काटजू नगर पर 500 व घनश्याम कुमावत सैलाना रोड पर 250 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया

11-12-2020

16 व्यक्तियों पर जुर्माना

# फुटेज के आधार पर राममंदिर क्षेत्र की महिला पर जुर्माना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 11-12-2020

रतलाम. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसी के अंतर्गत राममंदिर क्षेत्र में एक महिला को कचरा सड़क पर डालते हुए सीसीटीवी में आने पर जुर्माना किया गया है।

व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पारियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर राम मंदिर क्षेत्र की हेमलता पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व अतिक्रमण करने पर कसारा मांगलिक भवन कसारा बाजार पर 2000, लोकेन्द्रनाथ धर्मशाला हरमाला रोड पर 1000, दलाल मार्केटिंग, नासिर भाई मारवाड़ी लोहार रोड, शांति विजय रेस्टोरेंट डाट की पुल, एमपी 43 कलेक्शन, ई शॉपी पोरवाल इलेक्ट्रीकल जवाहर नगर पर 500-500, कैलाश-हुकमचन्द, भुलीबाई, केसरबाई, रेखा, रानी, चम्पाबाई व सुशील जैन डाट की पुल पर 250 -250 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई।

पत्रिका

11-12-2020

# शहर को कचरा मुक्त करने में जनता भी सहभागी बने

इन्दौर समाचार 11-12-2020

रतलाम। अपने घरों के साथ ही आसपास का वातावरण भी स्वच्छ और सुंदर होने से जहां एक ओर हम तमाम बीमारियों से बच सकते है वही पर्यावरण को भी स्वच्छ और सुंदर बना सकते है। नगर निगम प्रशासन के माध्यम से विगत माह से शहर के कई स्थानों को कचरा मुक्त किया जाकर वहां रंगोली के माध्यम से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संदेश लगातार दिया जा रहा है। इस अभियान में अगर वार्ड के लोगों की सहभागिता बढ़ती है तो हम प्रदेश और देश में रतलाम को भी स्वच्छता की दौड़ में नम्बर -1 बना सकते है। बुधवार को शहर के शक्ति नगर इलाके में समाजसेवी कुसुम गजेन्द्र चाहर ने क्षेत्रीय रहवासियों और निगम कर्मियों के साथ श्रमदान करते हुए दो कचरा स्थलों को कचरे से मुक्त कर वहां सफाई मित्र समूह के सदस्यों के साथ स्वच्छता का संदेश देने वाली रंगोली का निर्माण किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय महिलाओं और बच्चों ने वार्ड को कचरा मुक्त और स्वच्छ व सुंदर बनाने का भी संकल्प लिया है। रतलाम को प्रदेश और देश में अलग पहचान दिलाने के लिए नगर पालिक निगम ने स्वच्छ रतलाम-सुंदर रतलाम अभियान की शहर में शुरुआत करते हुए सैकड़ों स्थानों को कचरे से मुक्त किया है। इन कचरा स्थलों पर हर दिन सफाई मित्र समूह के सदस्य आकर्षक रंगोली का निर्माण कर तमाम लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे है। इस मौके पर रहवासियों और राहगिरों को संकल्प दिलाया जा रहा है कि मेरा योगदान, मेरी शान, स्वच्छ शहर मेरी पहचान है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ो स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बगीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा लेने वाले वाहनों में ही डाले।

4

इन्दौर समाचार

11-12-2020